परथम परकाशन: मई 2022
संस्करण: 1.4
समीक्षा तिथि: 26 नवंबर 2025
दस्तावेज़ परकार: नीति
कायरक्षेतर: वैश्विक

DONCASTERS

# वैश्विक मनी लांड्रिंग नीति

## नीति का नाम

वैश्विक मनी लांड्रिंग नीति

## उद्देश्य

इस नीति का उद्देश्य मनी लांड्रिंग के माध्यम से आपराधिक गतिविधि पर रोक लगाकर, इस समय Doncasters में विद्यमान आचरण के उच्च मानक बनाए रखना है।

## लक्ष्य

इस नीति का उद्देश्य Doncasters की निम्नलिखित प्रतिबद्धता को स्पष्ट करना है:

- अपने सभी कारोबार ईमानदारी और नैतिकता से संचालित करना;
- दुनिया भर में अपने सभी कार्यों, कारोबारी व्यवहारों और संबंधों में पेशेवर तौर पर, निष्पक्ष तौर पर और सत्यनिष्ठा सहित कार्य करना;
- इसकी शून्य-सहिष्णुता और मनी लांड्रिंग रोकने का महत्व प्रदर्शित करने हेतु प्रभावी प्रणालियों को कार्यान्वित करना और लागू करना।

यह नीति एक वैश्विक न्यूनतम मानक है।

जहां स्थानीय कानूनों में उच्च मानक स्थापित किए गए हैं, Doncasters की संस्थाएं उनका पालन करेंगी।

हमारी आचार-संहिता में निर्धारित किए गए अनुसार, Doncasters जिस देश में भी कार्य करती है, वहां के स्थानीय कानूनों का पालन करती है।

## दर्शक/श्रोता

यह नीशडवत Doncasters Group केअधीनसडथ सभी कं पशडवनयों पर लागू होती है, शडवजसमें DPC Holdings Limited केसं चालन शडवनय ्ण केअं तर्गत कार्य करने वाली सभी कं पशडवनयां शाशडवमल हैं।
निम्नलिखित दस्तावेज़ में, Doncasters Group यूनिट को "Doncasters" या "कंपनी" के तौर पर एक-दूसरे के स्थान पर संदर्भित किया गया है।

Doncasters यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसके हितधारक, जिनमें आपूर्तिकर्ता, सलाहकार और परामर्शदाता आदि शामिल हैं, इस नीति में निर्धारित सिद्धांतों की मर्यादा बनाए रखते हैं और अपने कार्यों में इसी तरह की नीतियां अपनाते हैं।

| इस नीति में शामिल है... |
| --- |
| 1. मनी लांड्रिंग संबंधी गतिविधिय<br>2. पहचान संबंधी प्रक्रियाएं<br>3. इस नीति का उल्लंघन<br>4. जारी निगरानी<br>5. रिपोर्टिंग तंत्र और शिकायत प्रक्रिय<br>6. बदले की कार्रवाई के विरुद्ध गोपनीयता और संरक्षण |
| **गोपनीयता स्थिति** |
| सार्वजनिक |
| **स्थानीय अनुकूलन प्राधिकार** |
| केवल भाषा। |
| **दस्तावेज़ मालिक** |
| कानून, अनुपालन और जोखिम |
| **दस्तावेज़ समीक्षक** |
| कार्यकारी |
| **दस्तावेज़ अनुमोदक** |
| निदेशक मंडल |
| **भूमिका** |
| ***"Doncasters की प्रतिष्ठा बचाए रखने और आपराधिक ज़िम्मेदारी से बचने हेतु, यह बहुत ज़रूरी है कि Doncasters चाहे नासमझी में ही सही, दूसरों की आपराधिक गतिविधियों से कोई संबंध न रखे"***<br>*माइक क्विन (Mike Quinn)*, CEO |

Doncasters मनी लांड्रिंग की रोकथाम संबंधी लागू सभी बहु-क्षेत्राधिकार कानूनों और विनियमों का अनुपालन करती है और यह जहां भी कार्य करती है, उन देशों में सभी प्रासंगिक स्थानीय एंटी-मनी लांड्रिंग विनियमों का पालन करती है।

यह एंटी-मनी लांड्रिंग नीति ("नीति "), Doncasters के साथ ही इसके कर्मचारियों, अधिकारियों और कारोबारी भागीदारों को मनी लांड्रिंग के विरुद्ध अपनी स्थिति पर नज़र रखने और बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदारियां निर्धारित करती है। यह नीति मनी लांड्रिंग के मामलों की पहचान कैसे की जाए और इससे निपटने संबंधी जानकारी देती है और मार्गदर्शन भी करती है।

मनी लांड्रिंग से संबंधित दो मुख्य अपराध हैं, जो किए जा सकते हैं:

- मनी लांड्रिंग संबंधी अपराध
- मनी लांड्रिंग संबंधी अपराधों की रिपोर्ट करने में विफल रहना।

मनी लांड्रिंग संबंधी अपराध

- आपराधिक संपत्ति अर्जित करना, उपयोग करना या अधिकार में रखना,
- चोरी, धोखाधड़ी और टैक्स-चोरी जैसे अपराधों से एकत्र की गई धनराशि संभालना,
- किसी भी तरीके से जान-बूझकर आपराधिक या आतंकवादी संपत्ति में शामिल होना,
- आपराधिक या आतंकवादी संपत्ति को वैध बनाने में मदद करना,
- अपराध से एकत्र की गई धनराशि का अन्य वित्तीय उत्पादों में निवेश करना,
- आपराधिक संपत्ति छुपाना, किसी अन्य काम में लगाना, परिवर्तन करना या किसी और के नाम करना,
- ऐसी व्यवस्था में शामिल होना या इससे जुड़ना, जिसे आप जानते हैं या आपको संदेह है कि वह किसी अन्य व्यक्ति द्वारा या उसकी ओर से आपराधिक संपत्ति के अधिग्रहण, रख-रखाव, उपयोग या नियंत्रण में मदद करती है,
- संपत्ति/परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के माध्यम से अपराध से एकत्र की गई धनराशि का निवेश करना,
- आपराधिक संपत्ति का हस्तांतरण करना।

यथोचित परिश्रम और ख़ुलासे संबंधी संबद्ध अपराध भी होते हैं।

## मनी लांड्रिंग संबंधी गतिविधियां

मनी लांड्रिंग का उपयोग आमतौर पर उन संगठित अपराधियों की गतिविधियों के बारे में बताने के लिए किया जाता है, जो अपराध से एकत्र की गई धनराशियों के वास्तविक स्रोतों को छिपाने के लिए उन्हें वैध कार्यों में लगाते हैं। मनी लांड्रिंग संबंधी योजनाएं बहुत अधिक सरल से लेकर अत्यधिक जटिल तक विभिन्न स्तरों के धोखे के साथ आती हैं। सीधी योजनाओं में नकद हस्तांतरण या बड़े नकद भुगतान शामिल हो सकते हैं, जबकि अधिक जटिल योजनाओं में कई बैंक खातों के माध्यम से धन को अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार करने की संभावना होती है। मनी लांड्रिंग संबंधी योजनाओं में आमतौर पर 3 अलग-अलग पड़ाव शामिल होते हैं

मनी लांड्रिंग का पता लगाने के तरीकों की परिपूर्ण सूची प्रदान करना या ऐसी प्रत्येक घटना के बारे में बताना संभव नहीं है, जिसमें कर्मचारियों पर शक होना चाहिए। हालांकि, मनी लांड्रिंग संबंधी गतिविधि पर संदेह किए जाने के संभावित संकेतक नीचे दिए गए हैं:

- लेन-देन, जिनका कोई स्पष्ट उद्देश्य नज़र नहीं आता और जिनका कोई प्रत्यक्ष आर्थिक अभिप्राय नहीं है;
- जहां ग्राहक/कारोबारी भागीदार द्वारा किसी तर्कसंगत स्पष्टीकरण के बिना अनुरोध किया ज रहा लेनदेन, सामान्य तौर पर अनुरोध की गई सेवाओं की सामान्य सीमा से बाहर है य ग्राहक/कारोबारी भागीदार विशेष के संबंध में Doncasters के सामने ऐसा मामला कभी नहीं आया;
- जहां ग्राहक/कारोबारी भागीदार किसी तर्कसंगत स्पष्टीकरण के बिना मांगी गई जानकारी देने से इनकार करता है;
- स्पष्ट तौर पर समझने योग्य लाभदायक उद्देश्य के बिना असामान्य निवेश संबंधी लेनदेन;
- ग्राहक/कारोबारी भागीदार से पहचान संबंधी प्रश्न पूछने पर वह लेनदेन करने से मना कर देता है;
- ऐसी परिस्थितियों में विदेशी खातों, कंपनियों या संरचनाओं का व्यापक उपयोग, जहं ग्राहक/कारोबारी भागीदार की ज़रूरतें ऐसी आर्थिक आवश्यकता का समर्थन नहीं करती;
- जहां, बिना किसी तर्कसंगत स्पष्टीकरण, लेन-देन की मात्रा या स्वरूप पहले से तैयार किसी भी तरीके के अनुरूप नहीं है;
- जहां ग्राहक/कारोबारी भागीदार द्वारा नकद भुगतान की पेशकश की गई;
- जहां ग्राहक/कारोबारी भागीदार संबंधित देश में स्वयं मौजूद नहीं है, या जहां बुरी प्रतिष्ठा के रिकॉर्ड वाले देश में कारोबार करता है;
- कारोबारी गतिविधियां, जो मुख्य ब्रांड मूल्यों के विपरीत हैं;
- सरकारी अधिकारियों के साथ संदिग्ध रूप से घनिष्ठ संबंध, भ्रष्टाचार या अनैतिक व्यवहार के पिछले आरोप या प्रस्तावित कार्य और शुल्क के बीच आनुपातिकता का अभाव;

यह सूची परिपूर्ण नहीं है, और कर्मचारियों को यह निर्धारित करने में सामान्य बोध का उपयोग करना चाहिए कि क्या Doncasters द्वारा किसी संभावित भागीदार के साथ कारोबार न करने या उसके साथ कोई समझौता न करने के कोई अन्य कारण हो सकते हैं या नहीं।

## {पहचान संबंधी प्रक्रियाएं

Doncasters ने मनी लांड्रिंग की रोकथाम के लिए निम्नलिखित प्रक्रियाएं लागू की हैं:

- Doncasters केवल मध्यस्थों (इसमें बिक्री एजेंट और परिचयकर्ता शामिल हैं) को नियुक्त करती है और केवल कारोबारी सत्यनिष्ठा का प्रदर्शन करने वाले कारोबारी भागीदारों को ही शामिल करती है, और उनको भी, जो Doncasters और सभी लागू कानूनों और विनियमों द्वारा अपेक्षित मानकों को पूरा करते हुए, नैतिक आचरण को अपने जीवन का अंग बनाते हैं।
- मध्यस्थों की नियुक्ति और कारोबारी भागीदारों की नियुक्ति Doncasters की आचार-संहिता के सिद्धांत स्वीकार करने, कंपनी की रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति क पालन करने के लिए सहमति जताने, KYS फ़ार्म पूरा करने और संतोषजनक अनुपालन संबंधी सर्च (इस समय वर्ल्डचैक सॉफ्टवेयर के साथ ही डन और ब्रैडस्ट्रीट क्रैडिट स्कोर जैसी अन्य जांचों की स्वीकृति का उपयोग करते हुए कानूनी टीम द्वारा किया जाता है) के अंतर्गत आती है।

Doncasters की नैतिक प्रशासन संबंधी नीतियों से जुड़े कारणों से किसी विशेष कारोबारी भागीदार या मध्यस्थ को शामिल नहीं करने या उनके साथ कारोबार बंद करने के निर्णय बोर्ड द्वारा लिए जाने चाहिए, परंतु यह कार्य कार्यकारी को भी सौंपा जा सकता है।

## इस नीति का उल्लंघन

लागू कानूनों का उल्लंघन किए जाने की वजह से व्यक्तियों या Doncasters पर दीवानी और/या आपराधिक जुर्माना लग सकता है और/या सज़ा हो सकती है। यदि दोष सिद्ध हो जाता है, तो व्यक्ति को कैद हो सकती है और Doncasters पर कुछ अधिकार-क्षेत्रों में सरकार और अन्य सार्वजनिक संगठनों के अनुबंधों के लिए बोली लगाने पर रोक लगाई जा सकती है।

Doncasters इस नीति का उल्लंघन करने को एक गंभीर अपराध मानती है। कोई भी उल्लंघन किए जाने पर उपयुक्त परिस्थितियों में बर्ख़ास्तगी सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस नीति का उल्लंघन करने वाले तीसरे पक्षों के साथ कारोबारी संबंध भी समाप्त किए जा सकते हैं।

## जारी निगरानी

यह सुनिश्चित करने हेतु कि प्रत्येक ग्राहक की जानकारी न केवल सटीक और अपडेट की गई है, बल्कि ग्राहक/कारोबारी भागीदार और उसके कारोबार की जानकारी से भी मेल खाती है, कर्मचारियों को नियमित अंतराल पर ग्राहक/कारोबारी भागीदार की समीक्षा करनी चाहिए।

जहाँ तक तृतीय पक्ष की बात है, इसमें ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और अन्य तृतीय पक्ष शामिल होते हैं, Doncasters ग्राहकों हेतु यथोचित परिश्रम करती है - जिसमें मंज़ूरी तथा राजनीतिक रूप से उजागर व्यक्ति की स्क्रीनिंग शामिल है - यह सुनिश्चित करने के लिए कि इसके ग्राहक वही हैं, जो वे कहते हैं। जहां ज़रूरी हो, जहां किसी ग्राहक या ग्राहक से जुड़ा लेनदेन “उच्च जोखिम” लगता है, तो

Doncasters उच्च-स्तरीय पहचान और ग्राहक की पहचान के सत्यापन को शामिल करते हुए यथोचित परिश्रम करेगी।

जानकारी आंतरिक रूप से दर्ज की जाती है और इसे अपडेट रखा जाता है, ताकि यदि ग्राहक की परिस्थितियों में बदलाव होता है, तो Doncasters अपने व्यावसायिक जोखिम का पुनर्मूल्यांकन कर सके। यदि किसी ग्राहक के साथ नए लोग शामिल होते हैं, तो अतिरिक्त यथोचित परिश्रम की आवश्यकता पड़ सकती है।

किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना रिपोर्टिंग टूल्स और शिकायत संबंधी प्रक्रिया के अनुसार दी जानी चाहिए।

## रिपोर्टिंग तंत्र और शिकायत प्रक्रिया

### प्रबंधन को रिपोर्ट करना

प्रबंधन यह नीति लागू करने और यह सुनिश्चित करने हेतु भी ज़िम्मेदार है कि सभी कर्मचारी इसके लक्ष्यों और उद्देश्यों का पालन करते हैं।

किसी भी ग़ैरकानूनी गतिविधि के बारे में चिंतित या संदेह करने वाले किसी भी कर्मचारी या Doncasters के प्रतिनिधि को इस मामले के बारे में कानूनी टीम से संपर्क करने या स्पीक अप नीति के अनुसार इसकी रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

तैयार की गई रिपोर्ट की कानूनी टीम द्वारा जांच की जाएगी, जो सबसे पहले शायद आंतरिक ऑडिट के साथ मिलकर काम करें। बाद में Doncasters में कार्यरत उपयुक्त व्यक्तियों को या उपयुक्त बाहरी लोगों को निर्देशित किया जाएगा।

आंतरिक ऑडिट के प्रमुख के साथ परामर्श करते हुए कानूनी टीम इस बात पर विचार करेगी कि क्या संबंधित अधिकार क्षेत्र में बाहरी रिपोर्टिंग की आवश्यकता है।

### स्पीक अप के माध्यम से रिपोर्ट करना

कर्मचारी स्पीक अप सेवा के माध्यम से भी इस नीति के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकते हैं।

नेवैक्स कंपनी द्वारा स्पीक अप सेवा चलाई जाती है और यह एक बाहरी, स्वतंत्र रिपोर्टिंग सेवा है, जिसे कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा स्थानीय विनियमों का अनुपालन करते हुए कानून, हमारी आचार-संहिता, कॉर्पोरेट मूल्यों और संबंधित नीतियों या निर्देशों तथा इस नीति के किसी भी उल्लंघन की गुमनाम तौर पर रिपोर्ट करने हेतु तैयार किया गया है।

संपर्क विवरण का ब्यौरा हमारी आचार-संहिता में, प्रत्येक साइट के आस-पास लगे पोस्टरों पर, कर्मचारी ऐप पर और SharePoint पर मिल सकता है।

## ऑनलाइन रिपोर्ट करें

www.doncasters.ethicspoint.com

## फोन द्वारा रिपोर्ट करें

यूके से:

कॉल करें: 0800 890 011

(कहे जाने पर, डायल करें: 833 537 0829)

USA से:

कॉल करें: 833-537-0829

जर्मनी से:

कॉल करें: 0800 225 5288

(कहे जाने पर, डायल करें: 833 537 0829)

भारत से:

कॉल करें: 000 800 050 3406

मैक्सिको से:

बाहरी कॉल्स केलिए, 800-288-2872 केबाद अपना स्थानीय एक्सेस कोड डायल करें।

रिवर्स चार्ज कॉलिंग - स्पेनिश: 800-112-2020

(कहे जाने पर, डायल करें: 833 537 0829)

चीन से:

400 120 8504

## बदले की कार्रवाई केविरुद्ड गोपनीरडरडा और संरकड ण

Doncasters किसी भी ऐसे व्यक्ति, जो नेकनीयत से इस नीति के उल्लंघन की रिपोर्ट करता है या जांच में भाग लेता है, के विरुद्ध बदले की कार्रवाई किए जाने की सख़्त मनाही करती है, भले ही वह जांच अंततः उसकी चिंताओं को सिद्ध न कर पाई हो। बदनीयती, दुर्भावना या अन्यथा निंदापूर्ण रिपोर्ट (जैसे विशिष्ट व्यक्तियों को निशाना बनाकर किए गए झूठे व्यक्तिगत हमले) करने की मनाही है और इसके परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।